मासिक घटनाक्रम संग्रह

जनवरी 2018

HindvanshiEducation.com

- पाकिस्तान सरकार ने पाक अधिकृत कश्मीर क्षेत्र में आजाद पट्टन जलविद्युत परियोजना को सहमति प्रदान की।

  यह परियोजना पाक अधिकृत कश्मीर के सुधाती जिले में स्थित झेलम नदी पर स्थापित की जाएगी।

- हरियाणा सरकार ने राज्य के किसानों को निर्धारित उत्पादों पर बाजार मूल्य से कम कीमत प्राप्त होने पर होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए 'भावांतर भरपाई योजना' का शुभारंभ किया।

- असम सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के प्रथम मसौदे का प्रकाशन किया।

  राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के प्रथम मसौदे के तहत राज्य के 3.29 करोड़ नागरिकों में से 1.9 करोड आवेदकों के नाम प्रकाशित किए गए हैं।

  सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर प्रक्रिया वर्ष 2015 में प्रारंभ की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य में अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाना था।

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संपूर्ण नागालैंड राज्य को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम के तहत अगले 6 महीने के लिए डिस्टर्ब क्षेत्र के रूप में घोषित किया।

  सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम भारतीय संसद द्वारा भारतीय सशस्त्र सेनाओं को विशेष शक्तियाँ प्रदान करता है और डिस्टर्ब क्षेत्रों में सैन्य अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए कानूनी प्रतिरक्षा प्रदान करता है।

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में तुर्की के काला सागर ग्रामीणों की "पक्षी भाषा" को शामिल किया।

  यह भाषा काला सागर क्षेत्र के बीहड़ इलाके में बातचीत करने के लिए करीब 500 साल पहले विकसित की गई थी जो वर्तमान में विकसित प्रौद्योगिकी के कारण खतरे में है।

- चीन ने लक्ष्यों पर बारीक नजर रखने के साथ अपनी पनडुब्बियों की मदद के लिए पानी के भीतर एक नया निगरानी तंत्र विकसित किया है।

- हरियाणा सरकार ने निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार बनाई जाने वाली नई इमारतों पर सोलर फोटोवोल्टेइक पावर प्लांट लगाने संबंधी आदेश जारी किए।

- महाराष्ट्र सरकार ने शिक्षा और नौकरियों में सामान्य श्रेणी में अनाथों को एक प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है।

हिन्दवी

जिन व्यक्तिओं को अपने माता पिता या किसी रिश्तेदार का पता नहीं और जिन्हें अपनी जाति का पता नहीं है वे इस श्रेणी में आरक्षण के योग्य होंगे।

- ✓ अमेरिका के न्यू जर्सी में सिख-अमेरिकी वकील गुरबीर सिंह ग्रेवाल को अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया गया है।

  ग्रेवाल पहले ऐसे सिख-अमेरिकी हैं जिन्होंने राज्य में अटॉर्नी जनरल की कमान संभाली है।

- ✓ साढ़े सोलह साल की नाजिया को गणतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के भारत अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

  नाजिया ने साहस दिखाते हुए छह साल की बच्ची को किडनैपर्स से बचाया था और अपने इलाके में चल रहे जुए के कारोबार को बंद करवाया था।

- ✓ आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक ने देश के प्रथम ग्रामीण सेवा “डेस्कटॉप एटीएम सेवा” का परिचालन प्रारंभ किया।

  यह डेस्कटॉप एटीएम शाखा परिसर के भीतर स्थापित किया गया है, जो ग्रामीणों को छोटी मात्रा में पैसों के लेन देन की सुविधा प्रदान करेगा।

  यह विशेष रूप से ग्रामीण ग्राहकों के लिए है, जिनके पास आम तौर पर छोटे नकदी की ज़रूरत होती है।

- ✓ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (NW-1) पर नौवहन क्षमता मजबूत करने के लिए ‘जलमार्ग विकास परियोजना’ के कार्यान्वयन को स्वीकृति प्रदान की।

  5369.18 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह परियोजना विश्व बैंक की तकनीकी सहायता और निवेश समर्थन से कार्यान्वित की जाएगी।

- ✓ पाकिस्तानी नौसेना ने अरब सागर में नौसैनिक क्रूज मिसाइल 'हरबा' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

  यह नौसैनिक क्रूज मिसाइल नौसैनिक जहाज से सतह पर मार करने में सक्षम है।

- ✓ न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज कॉलिन मुनरो T-20 में तीन शतक लगाने वाले प्रथम अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बन गए हैं।

- ✓ नासा ने दिसंबर 2018 तक पृथ्वी के धरातल से 96 किलोमीटर ऊपर स्थित आयनोस्फेयर के अनुसंधान हेतु 'गोल्ड और आइकॉन' नामक मिशन का आयोजन करने की घोषणा की।

  इस मिशन का मुख्य उद्देश्य भौगोलिक तूफानों का ऊपरी वायुमंडल पर होने वाले प्रभाव का अनुसंधान करना है।

- ✓ आइसलैंड विश्व का प्रथम देश बना, जहां महिलाओं और पुरुषों के लिए समान वेतन अधिकार संबंधित नियम लागू किए गए।

  इस नियम के तहत न्यूनतम 25 कार्मिकों वाली कंपनी और सरकारी उपक्रम को भुगतान संबंधित नीतियों के लिए सरकारी प्रमाणीकरण प्राप्त करना आवश्यक होगा।

- ✓ उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास हेतु केंद्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में देश के दूसरे फिल्म और टेलीविजन संस्थान की स्थापना की घोषणा की।

  वर्तमान समय में देश का प्रथम भारतीय फिल्म और टेलिविज़न संस्थान पुणे, महाराष्ट्र में सेवारत है।

- ✓ 18वें अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलन का आयोजन उदयपुर, राजस्थान में किया जाएगा।

  यह सम्मेलन केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

  इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करना है।

- ✓ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में टेकनपुर, मध्य प्रदेश की बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) अकादमी में डीपीपी और आईजीपी के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

  इस समारोह में भारत के शीर्ष पुलिस अधिकारी आंतरिक सुरक्षा संबंधित मामलों पर प्रधानमंत्री को समुचित जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

- ✓ उत्तरी पूर्वी चीन स्थित हार्बिन प्रांत में 34वें 'हार्बिन अंतर्राष्ट्रीय बर्फ समारोह' का आयोजन किया गया।

- ✓ उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में एक ही ध्वज तले एक साथ मार्च करने और खेलों के लिए संयुक्त टीम उतारने के लिए राजी हुए हैं।

- ✓ भारत में साइबर सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय ने दिल्ली में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिविजन एवं उद्योग जगत के सहयोग से साइबर सुरक्षित भारत अभियान की घोषणा की।

  साइबर सुरक्षित भारत साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में पहला सरकारी निजी भागीदारी वाला कार्यक्रम है जिसमें आईटी उद्योग की विशेषज्ञता का उपयोग किया जाएगा।

हिन्दवंशी

- ✓ राजस्थान सरकार ने राज्य में तंबाकू की खपत को रोकने के लिए अग्रणी कदम उठाते हुए सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की बिक्री के लिए “विक्रेता लाइसेंस व्यवस्था” प्रारंभ की।

  इस व्यवस्था के तहत पंचायती राज विभाग तंबाकू उत्पादों के विक्रेताओं से संबंधित लाइसेंसिंग और निषिद्ध तंबाकू बिक्री आउटलेट के नियम निर्धारित करेगी।

  राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत लाइसेंस प्राप्त विक्रेता को दुकान पर गैर तंबाकू उत्पादों को बेचने की अनुमति नहीं होगी।

- ✓ केंद्र सरकार ने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए समर्पित भारत के सबसे तेज सुपर कंप्यूटर “प्रत्यूष” का अनावरण किया।

  यह सुपर कंप्यूटर विश्व का चौथा सबसे तेज सुपर कंप्यूटर है, जो कि 6.8 पेटाफॉप की गति से गणना करने में सक्षम है।

- ✓ मंकदीडिया जनजाति को “अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006” के तहत सिमलीपल टाइगर रिजर्व के अंदर रहने के अधिकार से इनकार कर दिया गया।

  मंकदीडिया जनजाति ओडिशा की विशेष रुप से कमजोर अर्ध-खानाबदोश जनजाति समूह में से एक है, जो भोजन के लिए बंदरों का शिकार करती है।

- ✓ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिनेमाघरों और सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रीय गान बजाने के संबंध में बी आर शर्मा के नेतृत्व में 12 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

  इस उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्रालय “प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट ऑफ नेशनल ऑनर एक्ट-1971” में अपमान को परिभाषित कर आवश्यक बदलाव के सुझाव को प्रस्तुत करना चाहती है।

- ✓ मनाली की आंचल ठाकुर ने स्कीइंग खेल में कांस्य पदक के रूप में भारत के लिए प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पदक जीता है।

  इंटरनैशनल स्कीइंग कॉम्पिटिशन में पदक जीतने वाली वह भारत की पहली खिलाड़ी हैं।

- ✓ रॉकेट विशेषज्ञ के. सिवान को तीन साल की अवधि के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के अध्यक्ष के रुप में नियुक्त किया गया है।

- ✓ वरिष्ठ अधिवक्ता इंदू मल्होत्रा कॉलेजियम पद्धति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने वाली प्रथम भारतीय महिला होगी।

हिन्दवंशी

- ✓ सुप्रीम कोर्ट ने 1984 में सिख विरोधी दंगों के मामलों की जांच के लिए भूतपूर्व न्यायाधीश एस.एन. धींगरा की अध्यक्षता मे एक विशेष जांच दल का गठन किया है।

- ✓ चुनाव आयोग ने चुनाव से पूर्व सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल के अध्ययन के लिए उप चुनाव आयुक्त उमेश सिन्हा की अध्यक्षता में 14 सदस्यीय समिति का गठन किया।

  यह पैनल मतदान से 48 घंटे पूर्व की अवधि में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए आवश्यक नियम व सुझाव जारी करेगा।

- ✓ आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 116 शहरों में 'रहन-सहन सूचकांक' कार्यक्रम का शुभारंभ करने की घोषणा की।

  सतत विकास लक्ष्य (SDG) के मानकों पर आधारित इन मानकों की पूर्ति के आंकलन के आधार पर शहरों को वरीयता क्रम में सूचकांक में जगह दी जायेगी।

- ✓ रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का सबसे बड़ा स्रोत देश मॉरीशस है।

  रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और ब्रिटेन क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।

- ✓ अमेरिका ने पाकिस्तान को धार्मिक स्वतंत्रता के 'गंभीर उल्लंघनों' को लेकर विशेष निगरानी सूची में डाला है।

  इस श्रेणी में शामिल होने वाला पाकिस्तान अकेला देश है।

- ✓ यौन उत्पीडन के खिलाफ "टाइम्स अप" अभियान अमेरिका में शुरू किया गया है।

  इस अभियान में 300 से ज्यादा महिलाएं शामिल है, जिनमें अभिनेत्रियाँ, लेखक और निर्देशक शामिल हैं।

  इसके तहत विभिन्न उद्योगों से ताल्लुक रखने वाले पीड़ितों की क़ानूनी सहायता के लिए एक कोष बनाया जाएगा जिसमें करीब 1.3 करोड़ डॉलर की राशि होगी।

- ✓ संयुक्त राष्ट्र मिशन में भारतीय शांति सैनिकों द्वारा दक्षिण सूडान के अकोका गांव में "अकोका पुल" का निर्माण किया गया।

  इस पुल का निर्माण स्थानीय सरकार के सहयोग से भारतीय शांति सैनिकों ने 10 दिनों के रिकॉर्ड समय में पूर्ण किया।

  यह पुल नागरिकों को नदी पार करने की व्यवस्था प्रदान करेगा जो कि जून 2017 की भारी बारिश में अकोका गांव में पानी में बह गया था।

हिन्दवंशी

- ✓ उड़ीसा सरकार ने राज्य के कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कलाकार सहायता योजना प्रारंभ करने की घोषणा की।

  इस योजना के तहत ओडिशा के 50 हजार कलाकारों को प्रतिमाह ₹1200 प्रोत्साहन राशि स्वरूप उपलब्ध कराई जाएगी।

- ✓ नीति आयोग के प्रधान सलाहकार रतन पी वतल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) के माध्यम से सतत शहरी नियोजन पर प्रथम ग्लोबल इनिशिएटिव ऑन अकेडमिक नेटवर्क (GIAN) के कोर्स का नोएडा, उत्तर प्रदेश में उद्घाटन किया।

  इस कोर्स के तहत, प्रतिभागियों को राज्य के अत्याधुनिक रिमोट सेंसिंग और जीआईएस कौशल प्रदान किए जाएंगे जो कि भारतीय शहरों के तेजी से बदलते शहरी परिवेश के प्रबंधन में उपयोगी होंगे।

- ✓ भारत के सबसे बड़े मल्टी स्पोर्ट्स ऐप स्पोर्ट्स फ़्लैश ने भारत के प्रथम खेल रेडियो चैनल सेवा का शुभारंभ किया।

  यह केवल स्पोर्ट्स सामग्री जैसे लाइव चैट कमेंटरी, टॉक शो, स्पेशल स्पोर्ट्स प्रोग्राम्स, स्पोर्ट्स न्यूज अपडेट्स और ऑडिओ डॉक्युमेंटरी को प्रसारित करेगा।

- ✓ मेघालय भारत का प्रथम राज्य बन गया, जहां सरकारी कार्यक्रमों के लिए सोशल आडिट कानून लागू किया गया।

  इस कानून के तहत लोगों को सीधे ऑडिट करने के लिए एक सामाजिक ऑडिटर सुविधा प्रदान की जाएगी जिनके निष्कर्ष को जोड़कर परिणाम को लेखा परीक्षकों के समस्त प्रस्तुत किया जाएगा।

  यह व्यवस्था सामान्य नागरिक को सरकारी कार्यक्रम की समेकित निगरानी और शिकायतों के निवारण में सहयोग कर एक कानूनी ढांचा विकसित करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है।

- ✓ खोजकर्ताओं ने मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप पर दो बड़े पानी के नीचे की गुफाओं के बीच एक संबंध की खोज की।

  यह 215 मील लंबी भूमिगत गुफा पृथ्वी पर सबसे बड़ी जलमग्न गुफा प्रणाली का निर्माण करती है।

- ✓ भारत को ऑस्ट्रेलिया ग्रुप के 43वें भागीदार के रूप में शामिल किया गया।

  यह परमाणु अप्रसार की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि रासायनिक या जैविक पदार्थों का निर्यात रासायनिक या जैविक हथियारों के विकास के लिए न हो।

हिन्दवंशी

- ✓ भारत ने ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप फाइनल में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार विश्व कप जीत लिया।

- ✓ भारत-रूस रक्षा समझौते के तहत भारत रूस से S-400 ट्रंफ एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदेगा, जिसकी कुल लागत 39,000 करोड़ रुपये है।

- ✓ अभिनेता शाहरुख खान को दावोस (स्विट्ज़रलैंड) में विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन में 24वें क्रिस्टल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

- ✓ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर विराट कोहली को वर्ष 2017 के आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए चुना गया।

  आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द इयर का पुरस्कार विराट कोहली को प्राप्त हुआ।

  आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द इयर का पुरस्कार स्टीव स्मिथ को प्राप्त हुआ।

- ✓ केंद्र सरकार ने अकादमिक और उद्योग जगत के सदस्यों द्वारा एकत्रित डाटा का अध्ययन करने और प्रमुख डेटा संरक्षण के मुद्दों की पहचान कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के तरीकों की सिफारिशों हेतु सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बी एन श्रीकृष्ण की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति गठित की है।

- ✓ जर्मन ऑटो प्रमुख मर्सिडीज-बेंज ने भारत स्टेज 6 (BS-6) उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप प्रथम स्वदेश निर्मित कार का अनावरण किया।

  इस क्रम में मर्सिडीज बेंज ऑटोमोटिव रिसर्च असोसिएशन ऑफ इंडिया से केंद्रीय मोटर वाहन नियम के अनुपालन का प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली प्रथम ऑटो निर्माता कंपनी बन गई।

- ✓ अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का चौथा संस्करण विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

  प्रथम अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव वर्ष 2015 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

- ✓ राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा वरिष्ठ चुनाव आयुक्त श्री ओम प्रकाश रावत को "मुख्य चुनाव आयुक्त" के रूप में नियुक्त किया गया।

- ✓ नाविका सागर परिक्रमा अभियान 6 सदस्यीय महिला दल द्वारा नौकायन पोत आईएनएसवी तरिणी पर संचालित

हिन्दवंशी

किया जा रहा है।

पहली बार भारतीय नौसेना का पोत वाहक जहाज आईएनएसवी तरिणी संपूर्ण विश्व की जल यात्रा के लिए चालक दल की सभी महिला सदस्यों के नेतृत्व में निकला है।

महिलाओं के दल की इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कमांडर वर्तिका जोशी कर रही हैं।

- ✓ छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर में भारत का प्रथम कचरा महोत्सव आयोजित किया गया।

  यह कचरा महोत्सव रायपुर नगर निगम द्वारा कचरे के रूप में घोषित चीजों को पुन:उपयोग में लाने के लिए जागरुकता प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया था।

- ✓ वेस्टइंडीज वर्ष 2018 में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा।

- ✓ मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार को 'दलित' शब्द का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया है।

  मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने इसके बजाय आधिकारिक व्ययवहार में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का प्रयोग करने को कहा है।

- ✓ गणतंत्र दिवस 2018 के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद वायुसेना के शहीद कमांडो जे.पी. निराला को अशोक चक्र से सम्मानित करेंगे।

हिन्दवंशी

- ✓ महाराष्ट्र में रोजमर्रा के उपयोग का सामान बेचने वाली दुकानें अब तंबाकू उत्पाद नहीं बेच पाएंगी।

  राज्य सरकार ने ऐसी दुकानों के द्वारा तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने पर पाबंदी लगा दी है।

- ✓ अंतर्राष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया जाएगा।

  यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्रीय नदी विकास और गंगा पुनर्वास मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

  यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन श्रंखला वर्ष 2012 में विश्व बैंक द्वारा 2100 करोड़ रुपए के आर्थिक सहयोग से प्रारंभ की गई, जिसका उद्देश्य देश में पुराने बांधों के पुनर्वास के लिए संरचनात्मक सुरक्षा और परिचालन क्षमता सुनिश्चित करना है।

- ✓ भारत सरकार और विश्व बैंक ने उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र में जल आपूर्ति सेवाओं के लिए 120 मिलियन डॉलर का ऋण समझौता किया है।

- उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जिले को एक 'उत्पाद विशेष' जिले के रूप में पहचान प्रदान करने के लिए "एक जिला, एक उत्पाद" परियोजना का प्रारंभ किया गया।

  इस परियोजना के माध्यम से राज्य सरकार प्रत्येक जिले के लिए आर्थिक विकास और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना चाहती है।

- केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय 50 श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार 2016 से सम्मानित करेगा।

  यह पुरस्कार केंद्र सरकार, राज्य सरकार और निजी क्षेत्र इकाइयों के विभिन्न उपक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रमिकों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

  यह पुरस्कार कुल 4 श्रेणियों 'श्रम रत्न पुरस्कार', 'श्रम भूषण पुरस्कार', 'श्रमवीर / श्रमविरंगाना' और 'श्रमश्री / श्रमदेवी पुरस्कार' में प्रदान किया जाता है।

- इलाहाबाद बैंक के एमडी और सीईओ के रूप में सेवारत उषा अनंतसुब्रमण्यन को भारतीय बैंक संघ की पहली महिला अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया।

- हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु "शक्ति" मोबाइल एप्लीकेशन और "गुड़िया" हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए।

  शक्ति मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा बिना इंटरनेट मोबाइल फोन हिलाकर अपनी अवस्थिति की जानकारी नजदीकी पुलिस कंट्रोल रूम में भेजी जा सकती है।

  गुड़िया नामक हेल्पलाइन नंबर 1515 महिला सुरक्षा हेतु जारी किए गए जिसपे किसी भी महिला द्वारा की गई शिकायत तत्काल संबंधित थाने को भेजी जाएगी।

- केंद्र सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस-2018 समारोह के दौरान दिल्ली स्थित लाल किले पर 26 जनवरी 2018 से 31 जनवरी 2018 तक भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

- विश्व आर्थिक मंच के साथ येल विश्वविद्यालय और कोलंबिया विश्वविद्यालय की द्विवार्षिक वैश्विक पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2018 के मुताबिक भारत 180 देशों में 177वें स्थान पर है।

  पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2016 में भारत 141वें स्थान पर था।

  पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2018 में स्विट्जरलैंड शीर्ष स्थान पर विधमान है।

हिन्दवंशी

- ✓ हरियाणा में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी पोर्टल शुरू किया गया है।

  इस पोर्टल के जरिए जमीनी स्तर पर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं की पहचान हो सकेगी और उन्हें समय पर अस्पताल भेजने से लेकर उन्हें विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी मदद प्रदान की जाएगी।

  हरियाणा यह पोर्टल शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

- ✓ बैंडमिटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण को भारतीय बैंडमिटन संघ (BAI) ने इस खेल में उनके योगदान के लिए 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया है।

- ✓ नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद पॉल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने प्रतिष्ठित इहसान डॉगरामेसी फैमिली हेल्थ फाउंडेशन पुरस्कार से सम्मानित किया है।

- ✓ ब्रिटेन में भारतीय मूल के बच्चे ने मेनसा आइक्यू टेस्ट में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया।

  भारतवंशी छात्र मेहुल गर्ग ने 10 वर्ष की उम्र में 162 अंक प्राप्त कर दशक में सबसे कम आयु में यह उपलब्धि हासिल की।

  मेहुल गर्ग द्वारा स्थापित रिकॉर्ड अल्बर्ट आइंस्टाइन और स्टीफन हॉकिंग से 2 अंक अधिक है।

- ✓ न्यू वर्ल्ड वेल्थ द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका विश्व का सबसे अमीर देश है जबकि भारत विश्व का छठा सबसे अमीर देश है।

- ✓ मलेशिया सेंसर बोर्ड ने संजय लीला भंसाली की फिल्म "पद्मावत' को देश में प्रतिबंधित कर दिया है।

  मलेशिया सेंसर बोर्ड के अनुसार यह फिल्म 'इस्लाम की संवेदनशीलता' को प्रभावित करती है।

- ✓ इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी -2018 में दिल्ली डेयरडेविल्स द्वारा खरीदे जाने के बाद संदीप लामिचाने आईपीएल अनुबंध पाने वाले प्रथम नेपाली क्रिकेटर बन गए हैं।

- ✓ जयपुर साहित्य महोत्सव में ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी द्वारा वर्ष 2017 में अपनाए गए हिंदी शब्द का अनावरण किया गया।

  इस समारोह में ऑक्सफोर्ड शब्दकोश ने 2017 के लिए 'आधार' को वर्ष के हिंदी शब्द के रूप में घोषित किया है।

हिन्दवंशी
तमसो मा ज्योतिर्गमय
हिन्दवंशी
HINDVANSHI
HindvanshiEducation.com